# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

<u>पंचम् झारखण्ड विधान सभा</u>

संख्या–13

एकादश (बजट) सत्र

<u>सोमवार, दिनांकः–20 मार्च, 2023 ई०।</u>

**समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 04:34 अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

### 1. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआः–

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–12**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–03 | अ0सू0–27, | श्री प्रदीप यादव, | स0वि0स0 | |
| | अ0सू0–20, | श्री अमित कुमार यादव | स0वि0स0 | |
| | अ0सू0–10, | श्री बिरंची नारायण | स0वि0स0 | |
| (ख) स्थगित कुल–02 | अ0सू0–32, | श्री सुदेश कुमार महतो | स0वि0स0 | (दि०–21.03.2023 के लिए स्थगित) |
| | अ0सू0–25, | श्री प्रदीप यादव, | स0वि0स0 | (दि०–22.03.2023 के लिए स्थगित) |
| (ग) अनागत कुल–07 | क्रम संख्या–226 से 232 तक। | | | |

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–04 | क्र०सं०–552, | श्री मनीष जायसवाल | स0वि0स0 |
| | क्र०सं०–553, | श्री किशुन कुमार दास | स0वि0स0 |
| | क्र०सं०–554, | श्री जयप्रकाश भाई पटेल | स0वि0स0 |
| | क्र०सं०–555, | श्री समीर कुमार महान्ती | स0वि0स0 |
| (ग) अनागत कुल–19 | क्रम संख्या–456 से 574 तक। | | |

### 2. सूचना

1. माननीय सदस्य श्री मथुरा प्रसाद महतो ने सूचना के माध्यम से आग्रह किया कि धनबाद सांसद खेल महोत्सव में बार–बालाओं के नृत्य का आयोजन किया गया, जो अत्यन्त निंदनीय है। कृपया इसपर संज्ञान लिया जाय।
2. माननीय सदस्य श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा ने सूचना दिया कि राज्य में नियोजन के लिए 5–6 जिलों यथा लातेहार, लोहरदगा, खूँटी, गुमला, सिमडेगा में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पद की संख्या शून्य दर्शायी गयी है, जिसपर आपत्ति जताते हुए जानना चाहा कि इसका आधार क्या है?

→

3. माननीय सदस्य डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सूचना दिया कि पांकी बहुद्देशीय जलापूर्ति योजना का काम वर्ष 2018 में शुरू हुआ था और तीन वर्ष में पूरा होना था, जो अभीतक अधूरा है। इसे यथाशीघ्र पूरा किया जाय।
4. माननीय सदस्या डॉ0 नीरा यादव ने सूचना दिया कि बंद खदानों में 150–200 फीट पानी रहने के कारण दुर्घटना हो रही है। इस पर सवाल किए थे, जिसपर उत्तर अबतक नहीं मिला है।

## 3. शून्यकाल की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत् आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनायें निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयीः–

| | |
|---|---|
| श्री उमाशंकर अकेला | स0वि0स0 |
| श्री भूषण बड़ा | स0वि0स0 |
| श्री मंगल कालिन्दी | स0वि0स0 |
| श्री भूषण तिर्की | स0वि0स0 |
| श्री अमर कुमार बाउरी | स0वि0स0 |
| डा0 लम्बोदर महतो | स0वि0स0 |
| श्री ढुलू महतो | स0वि0स0 |
| श्री मथुरा प्रसाद महतो | स0वि0स0 |
| श्री दशरथ गागराई | स0वि0स0 |
| श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी | स0वि0स0 |
| श्री केदार हजरा | स0वि0स0 |
| श्री अनन्त कुमार ओझा | स0वि0स0 |
| श्री राजेश कच्छप | स0वि0स0 |
| श्री रामचन्द्र सिंह | स0वि0स0 |
| श्री किशुन कुमार दास | स0वि0स0 |
| श्री विनोद कुमार सिंह | स0वि0स0 |
| श्री नारायण दास | स0वि0स0 |
| श्री राज सिन्हा | स0वि0स0 |
| श्री बिरंची नारायण | स0वि0स0 |
| श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह | स0वि0स0 |
| सुश्री अम्बा प्रसाद | स0वि0स0 |
| श्री समीर कुमार महान्ती | स0वि0स0 |
| श्री संजीव सरदार | स0वि0स0 |
| श्री सरयू राय | स0वि0स0 |

## 4. कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें

माननीय सदस्य श्री बिरंची नारायण एवं माननीय सदस्य श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा दिये गये कार्यस्थगन की सूचनाओं को आसन द्वारा पढ़ा गया तथा नियमानुकूल नहीं होने के कारण इन्हें अमान्य कर दिया गया।

## 5. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत् प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना एवं उनपर दिए गए वक्तव्य निम्नवत् हैः–

i. श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी, जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।
ii. श्री रामचन्द्र सिंह, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी, जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।
iii. श्रीमती सीता सोरेन, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी, जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

iv. श्री भानू प्रताप शाही, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी, जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 6. आसन से सूचना

सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि–

1. आज दिनांक–20.03.2023 को द्वितीय पाली की समाप्ति के उपरान्त अध्यक्ष एकादश एवं मुख्यमंत्री एकादश के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन जे0एस0सी0ए0 स्टेडियम में किया गया है। टीमें इस प्रकार है:–

| क्र0सं0 | अध्यक्ष एकादश | मुख्यमंत्री एकादश |
|---|---|---|
| 1 | श्री रबीन्द्र नाथ महतो (कैप्टन) | श्री हेमन्त सोरेन (कैप्टन) |
| 2 | श्री नवीन जयसवाल | श्री प्रदीप यादव |
| 3 | श्री बाबूलाल मराण्डी | डॉ0 इरफान अंसारी |
| 4 | श्री रणधीर कुमार सिंह | श्री विकास कुमार मुण्डा |
| 5 | श्री अमर कुमार बाउरी | श्री कुमार जयमंगल सिंह |
| 6 | श्री अमित कुमार मण्डल | श्री दिनेश विलियम मराण्डी |
| 7 | श्री अनन्त कुमार ओझा | श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर |
| 8 | श्री अमित कुमार यादव | श्री बन्ना गुप्ता |
| 9 | श्री सुदेश कुमार महतो | श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी |
| 10 | श्री मनीष जायसवाल | श्री मंगल कालिन्दी |
| 11 | श्री ढुलू महतो | श्री संजीव सरदार |
| 12 | श्री भानू प्रताप शाही | डॉ0 सरफराज अहमद |
| 13 | श्री राज सिन्हा | श्री राजेश कच्छप |
| 14 | श्री जयप्रकाश भाई पटेल | मो0 हफिजुल हसन |
| 15 | श्री नारायण दास | श्री समीर कुमार महान्ती |
| 16 | श्री आलोक कुमार चौरसिया | श्री बादल |
| 17 | श्री बिरंची नारायण | श्री भूषण बड़ा |
| 18 | | श्री बैद्यनाथ राम |
| 19 | | श्री रामचन्द्र सिंह |
| 20 | | श्री उमाशंकर अकेला |

2. कल दिनांक–21.03.2023 के प्रथम पाली के समाप्ति के बाद पोटिको संख्या–01 में फोटो सेशन का आयोजन किया गया। इसमें सभी माननीय सदस्य अवश्य उपस्थित रहेंगे।

## 7. सभा मेज पर प्रतिवेदन का रखा जाना

आसन से पुकारे जाने पर माननीय सभापति, श्री लोबिन हेम्ब्रम द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति का द्वितीय प्रतिवेदन झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–216(1) के तहत सदन पटल पर उपस्थापित किया गया।

## 8. वित्तीय कार्य

आसन द्वारा पुकारे जाने पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बन्ना गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग (मांग संख्या–20)(खण्ड–06) के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 70,40,90,21,000 / –(सत्तर अरब, चालीस करोड़, नब्बे लाख, इक्कीस हजार) रूपये से अनधिक की मांग सभा में प्रस्तुत की गयी। माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा इस मांग से संबंधित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(तत्पश्चात् 01:00 बजे अप0 में सदन की कार्यवाही 02:00 बजे अप0 तक के लिए स्थगित।)

(अन्तराल)

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

## 9. वित्तीय कार्य (क्रमांक–8 से जारी)

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत मांग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने चर्चा प्रारम्भ की। इसके उपरान्त निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी इसमें भाग लियाः–

श्री मथुरा प्रसाद महतो
श्री भानू प्रताप शाही
सुश्री अम्बा प्रसाद
डॉ0 लम्बोदर महतो
श्री प्रदीप यादव
श्री विनोद कुमार सिंह
श्री सरयू राय
श्री भूषण तिर्की
श्री समरी लाल

## 10. सूचना

अनुदान की मॉंग पर चर्चा के दौरान कतिपय माननीय सदस्यों द्वारा सदन में विभिन्न बिन्दुओं पर सूचना दी गईः–

1. माननीय सदस्य श्री अमर कुमार बाउरी ने सूचना देते हुए कहा कि मेरे क्षेत्र चंदनक्यारी के कोलबेरी गॉंव में टंकी से पानी आपूर्ति की जाती थी, जो अभी टूटा हुआ है। सरकार से अनुरोध है कि चैत्र नवरात्रा को देखते हुए इसे यथाशीघ्र ठीक करायी जाय। इस कार्य हेतु यदि पर्याप्त राशि उपलब्ध न हो तो मैं अपने विधायक फंड से राशि उपलब्ध कराने के लिए तैयार हूँ।
2. माननीय सदस्य श्री राज सिन्हा ने सूचना के माध्यम से आग्रह किया कि धनबाद के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एस.एन.एम.एम.सी.एच. में एक जेनरेजर के अभाव में लिफ्ट नहीं चल पाता है, जिससे वहां के मरीजों को काफी कठिनाई होती है। सरकार से आग्रह है कि संस्थान को एक जेनरेटर यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाय।

आसन से पुकारे जाने पर सरकार की ओर से श्री बन्ना गुप्ता, प्रभारी माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा उत्तर दिया गया, इसके उपरांत अनुदान की मॉंग (मांग संख्या–20) सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

**(चर्चा के क्रम में विपक्षी सदस्यों का 04:24 अप0 में सदन से बहिर्गमन)**

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–21 मार्च, 2023 के 10:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–20 मार्च, 2023

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।